National Dementia Action Plan 2023-2033

# नेशनल डिमेंशिया एक्शन प्लान पर अपनी बात रखें

अगले 10 वर्षों में डिमेंशिया के लिए एक लक्ष्य बनाने में मदद करें

परामर्श 31 जनवरी 2023 तक खुला है और हम सभी को सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हैं।

### लक्ष्य

ऑस्ट्रेलियाई डिमेंशिया को समझते हैं - डिमेंशिया से पीड़ित लोगों और उनके देखभालकर्ताओं के पास जीवन की सर्वोत्तम गुणवत्ता संभव है और कोई भी डिमेंशिया की यात्रा अकेले नहीं करता है।

| उद्देश्य | ध्यान का क्षेत्र |
|---|---|
| 1: कलंक और भेदभाव से निपटना | 1.1 डिमेंशिया जागरूकता का विस्तार करना और कलंक को कम करना<br>1.2 डिमेंशिया से पीड़ित लोगों, उनके देखभालकर्ताओं और परिवारों के लिए समावेशी समुदायों और परिवेशों का निर्माण करना |
| 2: जोखिम को कम करना, शुरुआत और प्रगति में देरी करना | 2.1 डिमेंशिया के जोखिम कारकों को अच्छी तरह से समझा गया है<br>2.2 लोगों को पता है कि शुरुआत में देरी और प्रगति को धीमा करने के लिए वे क्या कर सकते हैं |
| 3: डिमेंशिया के निदान और निदान-पश्चात की देखभाल और सहायता में सुधार करना | 3.1 शुरुआती संकेतों और लक्षणों को पहचानना और उन पर कार्रवाई करना<br>3.2 गुणवत्तापूर्ण और समय पर निदान सेवाएं<br>3.3 निदान-पश्चात देखभाल और समर्थन |
| 4: डिमेंशिया यात्रा के दौरान उपचार, समन्वय और सहायता में सुधार करना | 4.1 व्यक्ति की ज़रूरतों के बदलने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण देखभाल और निरंतर समर्थन<br>4.2 अस्पताल में देखभाल के दौरान और इसके बाद देखभाल और समर्थन<br>4.3 जीवन के अंत की देखभाल और उपशामक देखभाल |
| 5: डिमेंशिया से पीड़ित लोगों की देखभाल करने वाले लोगों की सहायता करना | 5.1 देखभालकर्ताओं को पहचानना और देखभालकर्ताओं की भूमिका में उनकी सहायता करना<br>5.2 देखभालकर्ता राहत सेवाओं तक पहुंच को बढ़ाना |
| 6: कार्यबल में डिमेंशिया क्षमता का निर्माण करना | 6.1 एक कुशल डिमेंशिया जागरूक स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल कार्यबल<br>6.2 संगठनात्मक संस्कृति गुणवत्तापूर्ण डिमेंशिया देखभाल का समर्थन करती है |
| 7: डिमेंशिया डेटा में सुधार करना और डिमेंशिया अनुसंधान और नवाचार के प्रभाव को अधिकतम करना | 7.1 डिमेंशिया अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाना<br>7.2 डिमेंशिया अनुसंधान को अमल में लाना<br>7.3 डिमेंशिया डेटा और सूचना प्रणालियों में सुधार करना<br>7.4 सुधार की निगरानी के लिए डेटा का संग्रह |

### सिद्धांत

**डिमेंशिया देखभाल है:**

- **डिमेंशिया से पीड़ित लोगों,** उनके देखभालकर्ताओं और परिवारों के विचारों द्वारा सीधे सूचित, और मूल्यांकित
- **व्यक्ति केंद्रित** और **जीवन स्तर पर केन्द्रित**
- उपयुक्त और **सभी लोगों के लिए सुलभ,** प्राथमिकता वाले जनसंख्या समूह और विविध पृष्ठभूमियों से सम्बन्धित लोगों सहित
- **प्रथम राष्ट्र के लोगों के लिए** सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित
- साक्ष्य आधारित और **परिणाम केंद्रित**
- समन्वित, **एकीकृत** और नियोजित

### अपनी बात कहने के लिए:

- www.agedcareengagement.health.gov.au/dementia-action-plan पर जाएं और एक संक्षिप्त सर्वेक्षण पूरा करें
- प्रतिक्रिया देने के लिए 1800 565 789 पर कॉल करें
- अनुवाद और दुभाषिया सेवा (टीआईएस) 131 450 पर कॉल करके उपलब्ध है।
- परामर्श 31 जनवरी 2023 तक खुला है।